सत्यमेव जयते

# GOVERNMENT OF INDIA

# Statement on Half Yearly Review of the Trends in Receipts and Expenditure in relation to the Budget at the end of the First Half of Financial Year 2025-26

(As required under Section 7(1) of the
Fiscal Responsibility and Budget Management Act, 2003)

**Ministry of Finance**

# Content

| | Page |
|---|---|
| Macro-Economic backdrop | 1 |
| Review of trends in Receipts and Expenditure | 2 |
| Key fiscal indicators | 3 |
| Receipts | 3 |
| Expenditure | 5 |
| Deficit | 6 |
| Conclusion | 7 |

## 1. Macro-economic Backdrop

1.1 India's economic growth, measured by growth in Gross Domestic Product (GDP) at constant (2011-12) prices has been estimated at 8.0 per cent for the first half (H1) (April-September) of FY 2025-26, as compared to 6.1 per cent in H1 of FY 2024-25. Growth in gross value added (GVA) at constant basic prices for H1 of FY 2025-26 has been estimated at 7.9 per cent as against 6.2 per cent in H1 of FY 2024-25. Growth rates of real GDP in the first and second quarters of FY 2025-26 are estimated at 7.8 per cent and 8.2 per cent, respectively. Growth rates of real GVA are estimated at 7.6 per cent and 8.1 per cent, respectively, in the first and second quarters of FY 2025-26.

1.2 Private final consumption expenditure at constant prices witnessed a 7.5 per cent Growth in H1 of FY 2025-26 as against a growth of 7.3 per cent in the corresponding period of FY 2024-25. Growth in gross fixed capital formation (fixed investment) at constant prices has been estimated at 7.6 per cent in H1 of FY 2025-26 as against 6.7 per cent in H1 of FY 2024-25. At the sectoral level, the growth rate of GVA during H1 of FY 2025-26 is estimated at 3.6 per cent for agriculture and allied sectors, 7.0 per cent for the industry sector and 9.3 per cent for the services sector. Corresponding growth rates of these sectors were 2.7 per cent, 6.1 per cent and 7.0 per cent, respectively, in H1 of FY 2024-25.

1.3 Inflation based on Consumer Price Index (CPI) (Combined) inflation during H1 of FY 2025-26 was 2.2 per cent as compared to 4.6 per cent during the corresponding period of the previous year. Inflation based on the Wholesale Price Index (WPI) during H1 of FY 2025-26 was 0.1 per cent as compared to 2.1 per cent during the corresponding period of the previous year.

1.4 Merchandise exports during H1 of FY 2025-26 stood at USD 219.6 billion, increasing by 2.8 per cent over the level of USD 213.7 billion during the corresponding period of the previous year. During H1 of FY 2025-26, merchandise imports stood at USD 376.5 billion, registering an increase of 4.9 per cent, as against the level of USD 358.9 billion in H1 of FY 2024-25. Merchandise trade deficit for H1 of FY 2025-26 stood at USD 156.9 billion, as compared to USD 145.9 billion in H1 of FY 2024-25.

1.5 India's current account deficit declined to USD 15.0 billion (0.8 per cent of GDP) in H1 of FY 2025-26 from USD 25.3 billion (1.3 per cent of GDP) in H1 of FY 2024-25. Robust net invisibles receipts at USD 141.3 billion in H1 of FY 2025-26, as compared to USD 123.0 billion a year ago, primarily on account of net services receipts and net personal transfers, contributed to reducing India's current account deficit during H1 of FY 2025-26.

1.6 Net FDI inflows was USD 7.7 billion in H1 of FY 2025-26 compared to USD 3.4 billion in H1 of FY 2024-25. While FPI recorded net outflows of USD 4.1 billion in H1 of FY 2025-26, as against net inflows of USD 20.8 billion a year ago.

1.7 India's foreign exchange reserves stood at USD 700.1 billion at end-September 2025 compared to USD 705.8 billion at end-September 2024. The average exchange rate was ₹86.4 per USD during H1 of FY 2025-26, compared to ₹83.6 per USD in H1 of FY 2024-25.

## 2. Review of Trends in Receipts and Expenditure in H1 of FY 2025-26

In BE 2025-26, Gross Tax Revenue (GTR) was estimated at about ₹42.70 lakh crore with a tax to GDP ratio of about 12 per cent. Total non-debt receipt of the Centre was estimated at ₹34.96 lakh crore. It comprised Tax Revenue (Net to Centre) of about ₹28.37 lakh crore, Non-Tax Revenue of about ₹5.83 lakh crore, Recovery of Loan of ₹0.29 lakh crore and miscellaneous capital receipts of ₹0.47 lakh crore.

Total expenditure was estimated at about ₹50.65 lakh crore, of which, expenditure on revenue account and capital account were estimated at about ₹39.44 lakh crore and ₹11.21 lakh crore, respectively. The effective capital expenditure (Capital Expenditure + Grant-in-Aid for creation Capital Assets), was projected at ₹15.48 lakh crore.

With above estimates of receipts and expenditure, the Fiscal Deficit was pegged at about ₹15.69 lakh crore in BE 2025-26 or 4.4 per cent of GDP. The fiscal deficit was planned to be financed by raising ₹11.54 lakh crore from market (G-sec), and the remaining amount of ₹4.15 lakh crore from other sources, such as NSSF, State Provident Fund, External debt, draw down of cash balance, etc.

During H1 of FY 2025-26 (April to September), GTR and Tax Revenue (Net to Centre) were ₹18.65 lakh crore (43.7 per cent of BE) and ₹12.29 lakh crore (43.3 per cent of BE), respectively. Non-Tax Revenue (NTR) during this period was ₹4.66 lakh crore. At 79.9 per cent of BE 2025-26, NTR has been higher than the last five years' moving average of about 58.5 per cent of BE.

In H1 of FY 2025-26, Revenue Receipts, defined as the sum of Tax Revenue (Net to Centre) and NTR, stood at about ₹16.95 lakh crore (49.6 per cent of BE). This is higher than the five years' moving average of 49.1 per cent of BE.

Total Expenditure during H1 of FY 2025-26 has been about ₹23.03 lakh crore (45.5 per cent of BE). While the revenue expenditure was about ₹17.23 lakh crore, capital expenditure was about ₹5.81 lakh crore during this period.

With above position of receipts and expenditure, fiscal deficit in H1 of FY 2025-26 is projected at about ₹5.73 lakh crore which is 36.5 per cent of BE 2025-26. Table – I summarize the trends in receipts and expenditure at the end of H1 of FY 2025-26.

**Table 1: Key Fiscal Indicators in H1 of FY 2025-26**

*(₹ in crore)*

| S. No. | Particulars | BE 2025-26 | Actuals | | Percentage to BE | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | H1 of FY 2025-26 | H1 of FY 2024-25 | H1 of FY 2025-26 | H1 of FY 2024-25 | 5 years' moving average |
| **1.** | **Revenue Receipts (2+3)** | **34,20,409** | **16,95,446** | **16,22,373** | **49.6%** | **51.8%** | **49.1%** |
| 2. | Tax Revenue (Net) | 28,37,409 | 12,29,370 | 12,65,159 | 43.3% | 49.0% | 47.7% |
| 3. | Non-Tax Revenue | 5,83,000 | 4,66,076 | 3,57,214 | 79.9% | 65.5% | 58.5% |
| **4.** | **Capital Receipts (5+6+7)** | **16,44,936** | **6,07,893** | **4,89,121** | **37.0%** | **28.9%** | **45.6%** |
| | **Non-Debt Capital Receipts (5+6)** | **76,000** | **34,770** | **14,601** | **45.8%** | **18.7%** | **20.4%** |
| 5. | Recovery of Loans | 29,000 | 11,353 | 11,434 | 39.1% | 40.8% | 58.8% |
| 6. | Other Receipts | 47,000 | 23,417 | 3,167 | 49.8% | 6.3% | 12.7% |
| **7.** | **Borrowings and other liabilities** | **15,68,936** | **5,73,123** | **4,74,520** | **36.5%** | **29.4%** | **51.2%** |
| **8.** | **Total Receipts (1+4)** | **50,65,345** | **23,03,339** | **21,11,494** | **45.5%** | **43.8%** | **46.5%** |
| 9. | **Revenue Expenditure** *of which* | 39,44,255 | 17,22,593 | 16,96,528 | 43.7% | 45.7% | 47.2% |
| 10. | Interest Payments | 12,76,338 | 5,78,182 | 5,15,010 | 45.3% | 44.3% | 44.7% |
| 11. | Grants for creation of Capital Assets | 4,27,192 | 1,29,914 | 1,45,208 | 30.4% | 37.2% | 43.9% |
| 12. | Capital Expenditure | 11,21,090 | 5,80,746 | 4,14,966 | 51.8% | 37.3% | 42.8% |
| **13.** | **Total Expenditure (9+12)** | **50,65,345** | **23,03,339** | **21,11,494** | **45.5%** | **43.8%** | **46.5%** |
| **14.** | **Revenue Deficit (9-1)** | **5,23,846** | **27,147** | **74,155** | **5.2%** | **12.8%** | **44.7%** |
| **15.** | **Effective Revenue Deficit (14-11)** | **96,654** | **(-)1,02,767** | **(-)71,053** | **-106.3%** | **-37.5%** | **38.4%** |
| **16.** | **Fiscal Deficit {13 –(1+5+6)}** | **15,68,936** | **5,73,123** | **4,74,520** | **36.5%** | **29.4%** | **51.2%** |
| **17.** | **Primary Deficit (16-10)** | **2,92,598** | **(-)5,059** | **(-)40,490** | **-1.7%** | **-9.0%** | **152.2%** |

*Source: Budget 2025-26, Ministry of Finance, Controller General of Accounts. The figures upto September, 2025 are unaudited and provisional.*

*Notes: The figures of Railways have been netted as in Budget Estimates. Receipts and recoveries, wherever linked to expenditure, have been netted out.*

## 2.1 RECEIPTS

### 2.1.1 Gross Tax Revenues (GTR)

The GTR collections in H1 of FY 2025-26 was about ₹18.65 lakh crore or 43.7 per cent of BE 2025-26.

### 2.1.2 Revenue receipts

Revenue receipts of the Centre were estimated at ₹34.20 lakh crore in BE 2025-26. In H1 of FY 2025-26, Revenue Receipts were about ₹16.95 lakh crore (or 49.6 percent of BE).

### 2.1.3 Direct Taxes

The main components of Direct taxes are Corporation tax and Taxes on Income. Direct Taxes in FY 2025-26 (BE) was pegged at ₹25.20 lakh crore. The total direct tax collection in H1 of FY 2025-26 was ₹10.84 lakh crore.

#### 2.1.3.1 Corporation Tax

In BE 2025-26, the Corporation Tax was estimated at ₹10.82 lakh crore. In H1 of FY 2025-26, the receipts from Corporation tax were ₹4.67 lakh crore.

#### 2.1.3.2 Taxes on Income

Receipts from Taxes on Income including Securities Transaction Tax was pegged at ₹14.38 lakh crore in BE 2025-26. The collection under this head in H1 of FY 2025-26, is about ₹6.17 lakh crore or 42.9 per cent of BE.

### 2.1.4 Indirect Taxes

Indirect taxes mainly comprise Goods and Services Tax, Union Excise Duties and Custom Duties. It was estimated at ₹17.50 lakh crore in BE 2025-26. As against this, the receipt in H1 of FY 2025-26 was ₹7.81 lakh crore.

#### 2.1.4.1 Goods and Services Tax

Goods and Services Tax (GST) includes Central GST, IGST, UT GST and GST Compensation Cess. Collections during H1 of FY 2025-26 stood at ₹5.33 lakh crore against the BE of ₹11.83 lakh crore or 45 per cent of BE. Receipts from GST Compensation Cess were ₹0.73 lakh crore in H1 of FY 2025-26, which was about 43.8 per cent of BE.

#### 2.1.4.2 Union Excise Duty and Customs Duty

Other significant contributors under Indirect taxes are Union Excise Duties and Customs, which were estimated at ₹3.17 lakh crore and ₹2.40 lakh crore, respectively, in BE 2025-26. Collections during H1 under these heads were ₹1.39 lakh crore (43.8 per cent of BE) and ₹1.07 lakh crore (44.6 per cent of BE) respectively.

### 2.1.5 Non-Tax Revenue (NTR)

NTR of the Union Government, comprises mainly of surplus from RBI, dividend from Public Sector Undertakings, receipts from services provided by Ministries/ Departments such as receipts from profit petroleum, roads and highways etc.

The Budget Estimate of NTR was ₹5.83 lakh crore in FY 2025-26. In H1 of FY 2025-26, NTR receipts stood at ₹4.66 lakh crore or 79.9 per cent of BE.

### 2.1.6 Non-debt Capital Receipts (NDCR)

Non-debt capital receipts (NDCR) of the government were budgeted at ₹0.76 lakh crore. They comprised ₹0.47 lakh crore from miscellaneous capital receipts and ₹0.29 lakh crore from Recovery of Loans and Advances. Total NDCR receipts in H1 of FY 2025-26 were about ₹0.35 lakh crore.

**Table 2: Trends of Receipts in H1 for the last five Financial Years.**

**(₹ in crore)**

| S. No. | Particulars | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | **Gross Tax Revenue (2+3)** | **11,83,808** | **13,91,806** | **16,19,271** | **18,13,842** | **18,65,354** |
| 2. | Direct Taxes | 5,93,933 | 7,31,805 | 9,16,538 | 10,52,389 | 10,84,274 |
| 3. | Indirect Taxes | 5,89,875 | 6,60,001 | 7,02,732 | 7,61,454 | 7,81,080 |
| **4.** | **Revenue Receipts of the Centre (5+6)** | **10,81,048** | **11,69,561** | **13,97,112** | **16,22,373** | **16,95,446** |
| 5. | Tax Revenue (Net) | 9,20,692 | 10,11,961 | 11,60,340 | 12,65,159 | 12,29,370 |
| 6. | Non-Tax Revenue | 1,60,356 | 1,57,600 | 2,36,772 | 3,57,214 | 4,66,076 |
| **7.** | **Non-Debt Capital Receipts (8+9)** | **18,118** | **34,187** | **20,166** | **14,601** | **34,770** |
| 8. | Recovery of Loans | 9,003 | 9,597 | 13,216 | 11,434 | 11,353 |
| 9. | Other Receipts | 9,115 | 24,590 | 6,950 | 3,167 | 23,417 |
| **10.** | **Total Non-debt Receipts (4+7)** | **10,99,166** | **12,03,748** | **14,17,278** | **16,36,974** | **17,30,216** |
| **11.** | **Borrowings and other liabilities** | **5,26,851** | **6,19,849** | **7,01,861** | **4,74,520** | **5,73,123** |
| **12.** | **Total Receipts (10+11)** | **16,26,017** | **18,23,597** | **21,19,139** | **21,11,494** | **23,03,339** |

*Source: Controller General of Accounts*

## 2.2 EXPENDITURE

Total expenditure in BE 2025-26 was estimated at ₹50.65 lakh crore. As against this, the expenditure in H1 of FY 2025-26 was ₹23.03 lakh crore or about 45.5 per cent of BE.

### 2.2.1 Revenue Expenditure

In BE 2025-26, expenditure on Revenue Account was budgeted at ₹39.44 lakh crore of which ₹ 17.23 lakh crore was expended in H1 of FY 2025-26 (or 43.7 per cent of BE). From the total revenue expenditure during H1 of FY 2025-26, ₹1.30 lakh crore was on account of Grant-in-Aid for creation of Capital Assets.

Interest payments, Defence Services (Revenue), Grants-in-Aid to States/UTs, Major Subsidies and Pension are important components of Revenue Expenditure. In BE 2025-26, total amount under these components was estimated at ₹29.68 lakh crore (75.25 per cent of Total Revenue Expenditure). Expenditures against these components in H1 of FY 2025-26 and FY 2024-25 are tabulated in Table.

**Table 3: Major Items of Revenue Expenditure**

***(₹ in crore)***

| S. No. | Item of Expenditure | BE 2025-26 | H1 of FY 2025-26 | H1 of FY 2024-25 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Interest Payments (Net) | 12,76,338 | 5,78,182 | 5,15,010 |
| 2. | Defence Services | 3,11,732 | 1,58,443 | 1,45,181 |
| 3. | Grants in Aid to States & UTs | 7,20,056 | 1,60,125 | 2,39,296 |
| 4. | Major Subsidies | 3,83,407 | 2,02,367 | 2,14,658 |
| 5. | Pension | 2,76,618 | 1,55,362 | 1,48,989 |
| | **Total** | **29,68,151** | **12,54,479** | **12,63,134** |

### 2.2.2 Effective Capital Expenditure

Effective Capital Expenditure is total capital outlay of the Government directed towards building of capital assets and related expenditure. It is sum of Capital Expenditure and Grant-in-Aid for creation of Capital Assets.

Effective Capital Expenditure, in BE 2025-26 was estimated at ₹15.48 lakh crore. In H1 of FY 2025-26, the Effective Capital Expenditure was ₹7.11 lakh crore, comprising Capital Expenditure of ₹5.81 lakh crore and Grant-in-Aid for creation of Capital Assets of ₹ 1.30 lakh crore.

## 2.3 DEFICIT

### 2.3.1 Fiscal Deficit

Fiscal Deficit (FD) in BE 2025-26 was estimated at ₹15.69 Lakh crore, or about 4.4 per cent of GDP. In H1 of FY 2025-26, the FD is estimated at ₹5.73 lakh crore, or about 36.5 per cent of BE.

### 2.3.2 Revenue Deficit

Revenue Deficit (RD) for FY 2025-26 was budgeted as ₹5.24 lakh crore (1.5 per cent of GDP). In H1 of FY 2025-26, RD stood at ₹0.27 lakh crore or 5.2 per cent of BE.

### 2.3.3 Financing of Fiscal Deficit

Table-4 below indicates the sources of financing of Fiscal Deficit.

**Table 4: Sources of financing fiscal deficit**

***(₹ in crore)***

| | April-Sept, 2025 | April-Sept, 2024 |
|---|---|---|
| **Fiscal Deficit** | **5,73,123** | **4,74,520** |
| **Sources of Financing** | | |
| **1. Internal Debt** | **4,62,072** | **4,07,047** |
| (a) Market Loans & Short-Term Borrowings | 4,71,175 | 4,17,692 |
| (b) Treasury Bills (14 days) | (-)90,789 | (-)1,16,541 |
| (c) Compensation and Other Bonds | 3,305 | 2,594 |
| (d) WMA | 0 | 0 |
| (e) Cash Management Bill | 0 | 0 |
| (f) Sovereign Gold Bond Scheme 2015 | (-)4,094 | (-)3,752 |
| (g) Securities against Small Savings | 95,218 | 1,02,331 |
| (h) Sovereign Green Bonds | 5,000 | 1,697 |
| (i) Marketable Sec. issued in Conversion of Spl. Sec. | (-)16,688 | 0 |
| (j) Others | (-)1,055 | 3,026 |
| **2. External Assistance including Revolving fund** | 441 | 18,810 |
| **3. Cash Draw Down Decrease(+)/Increase(-)** | 4,583 | 4,495 |
| **4. Investment of Surplus Cash(-)/Redemption(+)** | (-)1,90,138 | (-)1,30,993 |
| **5. Borrowings(-)/Surplus(+) on Public Account*** | 2,96,165 | 1,75,161 |

**Includes Suspense & Remittances*
*Source: Controller General of Accounts*

## 3. Assessment *vis-à-vis* mid-year benchmarks (Rule 7 of FRBM Rules, 2004)

There has been no deviation in any of the three mid-year benchmarks prescribed under the FRBM Rules during the H1 of FY 2025-26. Table-5 below presents the H1 picture of last 5 years including current financial year.

**Table 5: Mid-year benchmarks**

| Parameters | Mid-year (H1) benchmarks prescribed under FRBM Rules | April-Sept. (H1) of FY (per cent of BE) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** | **2025-26** |
| Total non-debt receipts | Not less than 40 per cent of BE | 55.6% | 52.7% | 52.2% | 51.0% | 49.5% |
| Fiscal deficit | Not more than 70 per cent of BE | 35.0% | 37.3% | 39.3% | 29.4% | 36.5% |
| Revenue deficit | Not more than 70 per cent of BE | 27.7% | 31.4% | 26.6% | 12.8% | 5.2% |

## 4. Conclusion:

In the post CoVID-19 pandemic years, the glide path of fiscal consolidation (with focus on prudence and flexibility) has produced the desired results. The Union Government would continue to balance its development priorities with imperatives of fiscal prudence. The focus will be on generating broad-based and inclusive economic growth.

*****

सत्यमेव जयते

# भारत सरकार

# वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के अंत में बजट से संबंधित प्राप्तियों और व्यय के रुझानों की छमाही समीक्षा पर विवरण

(जैसा कि राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम, 2003 की धारा 7(1) के तहत अपेक्षित है)

**वित्त मंत्रालय**

# विषय सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| वृहद आर्थिक पृष्ठभूमि | 1 |
| प्राप्तियों और व्यय के रुझानों की समीक्षा | 2 |
| प्रमुख राजकोषीय संकेतक | 4 |
| प्राप्तियां | 4 |
| व्यय | 6 |
| घाटा | 7 |
| निष्कर्ष | 9 |

## 1. वृहद आर्थिक पृष्ठभूमि

1.1 भारत की आर्थिक वृद्धि जिसे स्थिर (2011-12) मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के आधार पर मापा जाता है, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 6.1 प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (एच1) (अप्रैल-सितंबर) के लिए 8.0 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। स्थिर आधार कीमतों पर सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में वृद्धि जिसका वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 6.2 प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के लिए 7.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली और दूसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर क्रमशः 7.8 प्रतिशत और 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली और दूसरी तिमाही में वास्तविक जीवीए की वृद्धि दर क्रमशः 7.6 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

1.2 स्थिर कीमतों पर निजी अंतिम उपभोग व्यय में वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसमें वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में स्थिर कीमतों पर सकल स्थिर पूंजी निर्माण (स्थायी निवेश) में वृद्धि 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जो वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 6.7 प्रतिशत थी। क्षेत्रीय स्तर पर, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के दौरान जीवीए की वृद्धि दर कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 3.6 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र के लिए 7.0 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र के लिए 9.3 प्रतिशत अनुमानित है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में इन क्षेत्रों की संबंधित वृद्धि दर क्रमशः 2.7 प्रतिशत, 6.1 प्रतिशत और 7.0 प्रतिशत थी।

1.3 वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के दौरान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) (संयुक्त) मुद्रास्फीति पर आधारित मुद्रास्फीति पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 4.6 प्रतिशत की तुलना में 2.2 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के दौरान थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 2.1 प्रतिशत की तुलना में 0.1 प्रतिशत थी।

1.4 वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के दौरान व्यापारिक वस्तु निर्यात 219.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 213.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर से 2.8 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के दौरान, व्यापारिक वस्तु आयात 376.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा है, जिसमें वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 358.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के

स्तर की तुलना में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के लिए व्यापारिक वस्तु घाटा 156.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में यह 145.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

1.5 भारत का चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में घटकर 15.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 0.8 प्रतिशत) हो गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 25.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 141.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सुदृढ़ निवल अदृश्य प्राप्तियां हुईं, जो एक वर्ष पहले 123.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी, मुख्य रूप से निवल सेवा प्राप्तियों और निवल व्यक्तिगत अंतरण के कारण, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के दौरान भारत के चालू खाता घाटे को कम करने में योगदान दिया।

1.6 निवल एफडीआई अंतर्वाह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 3.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 7.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। जबकि एफपीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 4.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल बहिर्वाह रिकार्ड किया, जबकि एक वर्ष पहले 20.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल अंतर्वाह हुआ था।

1.7 भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 705.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में सितंबर 2025 के अंत में 700.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के दौरान औसत विनिमय दर ₹86.4 प्रति अमेरिकी डॉलर थी, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में यह ₹83.6 प्रति अमेरिकी डॉलर थी।

## 2. वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में प्राप्तियों और व्यय के रुझानों की समीक्षा

बजट अनुमान 2025-26 में, सकल कर राजस्व (जीटीआर) कर के जीडीपी अनुपात के लगभग 12 प्रतिशत के साथ लगभग ₹42.70 लाख करोड़ अनुमानित किया गया था। केंद्र की कुल गैर-ऋण प्राप्ति ₹34.96 लाख करोड़ होने का अनुमान लगाया गया था। इसमें लगभग ₹28.37 लाख करोड़ का कर राजस्व (केंद्र को निवल), लगभग ₹5.83 लाख करोड़ का गैर-कर राजस्व, ₹0.29 लाख करोड़ रुपये के ऋण की वसूली और ₹0.47 लाख करोड़ की विविध पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

कुल व्यय लगभग ₹50.65 लाख करोड़ होने का अनुमान लगाया गया था, जिसमें से, राजस्व खाते और पूंजी खाते पर व्यय क्रमशः लगभग ₹39.44 लाख करोड़ और ₹11.21 लाख करोड़ होने का अनुमान था। प्रभावी पूंजीगत व्यय (पूंजीगत व्यय + पूंजीगत आस्तियों के सृजन के लिए सहायता अनुदान) ₹15.48 लाख करोड़ अनुमानित किया गया था।

प्राप्तियों और व्यय के उपरोक्त अनुमानों के साथ, राजकोषीय घाटा बजट अनुमान 2025-26 में लगभग ₹15.69 लाख करोड़ या सकल घरेलू उत्पाद का 4.4 प्रतिशत आंका गया था। राजकोषीय घाटे को बाजार (जी-सेक) से ₹11.54 लाख करोड़ जुटाकर और शेष ₹4.15 लाख करोड़ की राशि अन्य स्रोतों से जुटाकर वित्तपोषित करने की योजना बनाई गई थी, जैसे कि एनएसएसएफ, राज्य भविष्य निधि, बाह्य ऋण, नकद शेष की कमी आदि।

वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल से सितंबर) की पहली छमाही के दौरान, जीटीआर और कर राजस्व (केंद्र को निवल) क्रमशः ₹18.65 लाख करोड़ (बजट अनुमान का 43.7 प्रतिशत) और ₹12.29 लाख करोड़ (बजट अनुमान का 43.3 प्रतिशत) था। इस अवधि के दौरान गैर-कर राजस्व (एनटीआर) ₹4.66 लाख करोड़ था। बजट अनुमान 2025-26 के 79.9 प्रतिशत पर, एनटीआर पिछले पांच वर्षों के बजट अनुमान के लगभग 58.5 प्रतिशत के गतिशील औसत से अधिक रहा है।

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में, राजस्व प्राप्तियां, जिसे कर राजस्व (केंद्र को निवल) और एनटीआर के योग के रूप में परिभाषित किया गया है, जो लगभग ₹16.95 लाख करोड़ (बजट अनुमान का 49.6 प्रतिशत) था। यह पांच वर्ष के गतिशील औसत बजट अनुमान के 49.1 प्रतिशत से अधिक है।

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के दौरान, कुल व्यय लगभग ₹23.03 लाख करोड़ (बजट अनुमान का 45.5 प्रतिशत) रहा है। इस अवधि के दौरान जहां राजस्व व्यय लगभग ₹17.23 लाख करोड़ था, वहीं पूंजीगत व्यय लगभग ₹5.81 लाख करोड़ था।

प्राप्तियों और व्यय की उपरोक्त स्थिति के साथ, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में राजकोषीय घाटा लगभग ₹5.73 लाख करोड़ रहने का अनुमान है जो बजट अनुमान 2025-26 का 36.5 प्रतिशत है। तालिका - 1 में वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के अंत में प्राप्तियों और व्यय के रुझानों को संक्षेप में दर्शाया गया है।

### तालिका 1 :वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में प्रमुख राजकोषीय संकेतक

*(₹ करोड़ में)*

| क्र. सं. | विवरण | बजट अनुमान 2025-26 | वास्तविक | | बजट अनुमान के प्रतिशत के रूप में | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही | वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही | वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही | वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही | 5 वर्ष का गतिशील औसत |
| **1.** | **राजस्व प्राप्तियां (2+3)** | **34,20,409** | **16,95,446** | **16,22,373** | **49.6%** | **51.8%** | **49.1%** |
| 2. | कर राजस्व (निवल) | 28,37,409 | 12,29,370 | 12,65,159 | 43.3% | 49.0% | 47.7% |
| 3. | गैर-कर राजस्व | 5,83,000 | 4,66,076 | 3,57,214 | 79.9% | 65.5% | 58.5% |
| **4.** | **पूंजीगत प्राप्तियां (5+6+7)** | **16,44,936** | **6,07,893** | **4,89,121** | **37.0%** | **28.9%** | **45.6%** |
| | **गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां (5+6)** | **76,000** | **34,770** | **14,601** | **45.8%** | **18.7%** | **20.4%** |
| **5.** | ऋणों की वसूली | 29,000 | 11,353 | 11,434 | 39.1% | 40.8% | 58.8% |
| 6. | अन्य प्राप्तियाँ | 47,000 | 23,417 | 3,167 | 49.8% | 6.3% | 12.7% |
| **7.** | **उधार और अन्य देनदारियां** | **15,68,936** | **5,73,123** | **4,74,520** | **36.5%** | **29.4%** | **51.2%** |
| **8.** | **कुल प्राप्तियां (1+4)** | **50,65,345** | **23,03,339** | **21,11,494** | **45.5%** | **43.8%** | **46.5%** |
| 9. | **राजस्व व्यय** *जिसमें से* | 39,44,255 | 17,22,593 | 16,96,528 | 43.7% | 45.7% | 47.2% |
| 10. | ब्याज भुगतान | 12,76,338 | 5,78,182 | 5,15,010 | 45.3% | 44.3% | 44.7% |
| 11. | पूंजीगत आस्तियों के सृजन के लिए अनुदान | 4,27,192 | 1,29,914 | 1,45,208 | 30.4% | 37.2% | 43.9% |
| 12. | पूंजीगत व्यय | 11,21,090 | 5,80,746 | 4,14,966 | 51.8% | 37.3% | 42.8% |
| **13.** | **कुल व्यय (9+12)** | **50,65,345** | **23,03,339** | **21,11,494** | **45.5%** | **43.8%** | **46.5%** |
| **14.** | **राजस्व घाटा (9-1)** | **5,23,846** | **27,147** | **74,155** | **5.2%** | **12.8%** | **44.7%** |
| **15.** | **प्रभावी राजस्व घाटा (14-11)** | **96,654** | **(-)1,02,767** | **(-)71,053** | **-106.3%** | **-37.5%** | **38.4%** |
| **16.** | **राजकोषीय घाटा {13 - (1+5+6)}** | **15,68,936** | **5,73,123** | **4,74,520** | **36.5%** | **29.4%** | **51.2%** |
| **17.** | **प्रमुख घाटा (16-10)** | **2,92,598** | **(-)5,059** | **(-)40,490** | **-1.7%** | **-9.0%** | **152.2%** |

*स्रोत: बजट 2025-26, वित्त मंत्रालय, महालेखा नियंत्रक। सितंबर, 2025 तक के आंकड़े अलेखापरीक्षित और अनंतिम हैं।*

*टिप्पणियाँ: बजट अनुमानों के अनुसार रेलवे के आंकड़ों को निवल कर दिया गया है। प्राप्तियों और वसूलियों, जहां कहीं भी व्यय से जुड़ी हुई है, को निवल कर दिया गया है।*

## 2.1 प्राप्तियाँ

### 2.1.1 सकल कर राजस्व (जीटीआर)

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में जीटीआर संग्रह लगभग ₹18.65 लाख करोड़ या बजट अनुमान 2025-26 का 43.7 प्रतिशत था।

### 2.1.2 राजस्व प्राप्तियां

बजट अनुमान 2025-26 में केंद्र की राजस्व प्राप्तियां ₹34.20 लाख करोड़ रहने का अनुमान लगाया गया था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में, राजस्व प्राप्तियां लगभग ₹16.95 लाख करोड़ (या बजट अनुमान का 49.6 प्रतिशत) थीं।

### 2.1.3 प्रत्यक्ष कर

प्रत्यक्ष करों के मुख्य घटक निगम कर और आय पर कर हैं। वित्त वर्ष 2025-26 (बजट अनुमान) में प्रत्यक्ष कर ₹25.20 लाख करोड़ आंका गया था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह ₹10.84 लाख करोड़ था।

#### 2.1.3.1 निगम कर

बजट अनुमान 2025-26 में निगम कर ₹10.82 लाख करोड़ अनुमानित किया गया था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में, निगम कर से प्राप्तियां ₹4.67 लाख करोड़ थीं।

#### 2.1.3.2 आय पर कर

प्रतिभूति लेनदेन कर सहित आय पर करों से प्राप्तियां बजट अनुमान 2025-26 में ₹14.38 लाख करोड़ आंकी गई थीं। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में इस शीर्ष के तहत संग्रह लगभग ₹6.17 लाख करोड़ या बजट अनुमान का 42.9 प्रतिशत है।

### 2.1.4 अप्रत्यक्ष कर

अप्रत्यक्ष करों में मुख्य रूप से माल एवं सेवा कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क शामिल हैं। बजट अनुमान 2025-26 में इसके ₹17.50 लाख करोड़ रहने का अनुमान लगाया गया था। इसके विपरीत, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में प्राप्ति ₹7.81 लाख करोड़ थी।

#### 2.1.4.1 माल एवं सेवा कर

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में केंद्रीय जीएसटी, आईजीएसटी, यूटी जीएसटी और जीएसटी मुआवजा उपकर शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के दौरान संग्रह ₹11.83 लाख करोड़ या बजट अनुमान के 45 प्रतिशत के सापेक्ष ₹5.33 लाख करोड़ रहा। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में जीएसटी मुआवजा उपकर से प्राप्तियां ₹0.73 लाख करोड़ थीं, जो बजट अनुमान का लगभग 43.8 प्रतिशत थी।

#### 2.1.4.2 केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क

अप्रत्यक्ष करों के तहत अन्य महत्वपूर्ण योगदानकर्ता केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क हैं, जिनका अनुमान बजट अनुमान 2025-26 में क्रमशः ₹3.17 लाख करोड़ और ₹2.40 लाख करोड़ था। पहली छमाही के दौरान इन शीर्षों के तहत संग्रह क्रमश: ₹1.39 लाख करोड़ (बजट अनुमान का 43.8 प्रतिशत) और ₹1.07 लाख करोड़ (बजट अनुमान का 44.6 प्रतिशत) था।

### 2.1.5 गैर-कर राजस्व (एनटीआर)

केंद्र सरकार के एनटीआर में, मुख्य रूप से भारतीय रिजर्व बैंक से अधिशेष, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से लाभांश, मंत्रालयों/ विभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से प्राप्त प्राप्तियां जैसे लाभ पेट्रोलियम, सड़कों और राजमार्गों आदि की प्राप्तियां शामिल हैं।

वित्त वर्ष 2025-26 में एनटीआर का बजट अनुमान ₹5.83 लाख करोड़ था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में, एनटीआर की प्राप्तियां ₹4.66 लाख करोड़ या बजट अनुमान का 79.9 प्रतिशत थीं।

### 2.1.6 गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां (एनडीसीआर)

सरकार की गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों (एनडीसीआर) का बजट ₹0.76 लाख करोड़ रखा गया था। इनमें पूंजीगत प्राप्तियों से ₹0.47 लाख करोड़ तथा ऋण और अग्रिमों की वसूली से ₹0.29 लाख करोड़ शामिल थे। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में कुल एनडीसीआर प्राप्तियां लगभग ₹0.35 लाख करोड़ थीं।

**तालिका 2: पिछले पांच वित्तीय वर्षों के लिए पहली छमाही में प्राप्तियों का रुझान।**

*(₹ करोड़ में)*

| क्र.सं. | विवरण | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **सकल कर राजस्व (2+3)** | **11,83,808** | **13,91,806** | **16,19,271** | **18,13,842** | **18,65,354** |
| 2 | प्रत्यक्ष कर | 5,93,933 | 7,31,805 | 9,16,538 | 10,52,389 | 10,84,274 |
| 3 | अप्रत्यक्ष कर | 5,89,875 | 6,60,001 | 7,02,732 | 7,61,454 | 7,81,080 |
| **4** | **केंद्र की राजस्व प्राप्तियाँ (5+6)** | **10,81,048** | **11,69,561** | **13,97,112** | **16,22,373** | **16,95,446** |
| 5 | कर राजस्व (निवल) | 9,20,692 | 10,11,961 | 11,60,340 | 12,65,159 | 12,29,370 |
| 6 | गैर-कर राजस्व | 1,60,356 | 1,57,600 | 2,36,772 | 3,57,214 | 4,66,076 |
| **7** | **गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियां (8+9)** | **18,118** | **34,187** | **20,166** | **14,601** | **34,770** |
| 8 | ऋणों की वसूली | 9,003 | 9,597 | 13,216 | 11,434 | 11,353 |
| 9 | अन्य प्राप्तियां | 9,115 | 24,590 | 6,950 | 3,167 | 23,417 |
| **10** | **कुल गैर-ऋण प्राप्तियां (4+7)** | **10,99,166** | **12,03,748** | **14,17,278** | **16,36,974** | **17,30,216** |
| **11** | **उधार और अन्य देनदारियां** | **5,26,851** | **6,19,849** | **7,01,861** | **4,74,520** | **5,73,123** |
| **12** | **कुल प्राप्तियां (10+11)** | **16,26,017** | **18,23,597** | **21,19,139** | **21,11,494** | **23,03,339** |

*स्रोत: महालेखा नियंत्रक*

### 2.2 व्यय

बजट अनुमान 2025-26 में कुल व्यय ₹50.65 लाख करोड़ अनुमानित था। इसके विपरीत, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में व्यय ₹23.03 लाख करोड़ या बजट अनुमान का लगभग 45.5 प्रतिशत था।

### 2.2.1 राजस्व व्यय

बजट अनुमान 2025-26 में, राजस्व खाते पर व्यय ₹39.44 लाख करोड़ निर्धारित किया गया था, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में जिसमें से ₹17.23 लाख करोड़ (या बजट अनुमान का 43.7

प्रतिशत) का व्यय किया गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के दौरान कुल राजस्व व्यय में से, ₹1.30 लाख करोड़ पूंजीगत आस्तियों के सृजन के लिए अनुदान सहायता के मद में थे।

ब्याज भुगतान, रक्षा सेवाएँ (राजस्व), राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को अनुदान सहायता, प्रमुख सब्सिडी और पेंशन, राजस्व व्यय के महत्वपूर्ण घटक हैं। बजट अनुमान 2025-26 में, इन घटकों के अंतर्गत कुल राशि ₹29.68 लाख करोड़ (कुल राजस्व व्यय का 75.25 प्रतिशत) अनुमानित थी। वित्त वर्ष 2025-26 और वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में इन घटकों पर व्यय तालिका में दिए गए हैं।

**तालिका 3: राजस्व व्यय की प्रमुख मदें**

*(₹ करोड़ में)*

| क्र.सं. | व्यय की मद | बजट अनुमान 2025-26 | वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही | वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ब्याज भुगतान (निवल) | 12,76,338 | 5,78,182 | 5,15,010 |
| 2. | रक्षा सेवाएँ | 3,11,732 | 1,58,443 | 1,45,181 |
| 3. | राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता अनुदान | 7,20,056 | 1,60,125 | 2,39,296 |
| 4. | प्रमुख सब्सिडी | 3,83,407 | 2,02,367 | 2,14,658 |
| 5. | पेंशन | 2,76,618 | 1,55,362 | 1,48,989 |
| | **कुल** | **29,68,151** | **12,54,479** | **12,63,134** |

### 2.2.2 प्रभावी पूंजीगत व्यय

प्रभावी पूंजीगत व्यय, पूंजीगत आस्तियों के सृजन और संबंधित व्यय के लिए सरकार का कुल पूंजीगत व्यय है। यह पूंजीगत आस्तियों के सृजन हेतु पूंजीगत व्यय और सहायता अनुदान का योग है।

बजट अनुमान 2025-26 में प्रभावी पूंजीगत व्यय ₹15.48 लाख करोड़ अनुमानित था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में, प्रभावी पूंजीगत व्यय ₹7.11 लाख करोड़ था, जिसमें ₹5.81 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय और ₹1.30 लाख करोड़ की पूंजीगत आस्तियों के सृजन हेतु सहायता अनुदान शामिल था।

## 2.3 घाटा

### 2.3.1 राजकोषीय घाटा

बजट अनुमान 2025-26 में राजकोषीय घाटा (एफडी) ₹15.69 लाख करोड़, या सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में, राजकोषीय घाटा ₹5.73 लाख करोड़, या बजट अनुमान का लगभग 36.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### 2.3.2 राजस्व घाटा

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व घाटा (आरडी) ₹5.24 लाख करोड़ (जीडीपी का 1.5 प्रतिशत) अनुमानित था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में, राजस्व घाटा ₹0.27 लाख करोड़ या बजट अनुमान का 5.2 प्रतिशत रहा।

### 2.3.3 राजकोषीय घाटे का वित्तपोषण

नीचे दी गई तालिका-4 राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण के स्रोतों को दर्शाती है।

**तालिका 4: राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण के स्रोत**

*(₹ करोड़ में)*

| | अप्रैल-सितंबर, 2025 | अप्रैल-सितंबर, 2024 |
|---|---|---|
| **राजकोषीय घाटा** | **5,73,123** | **4,74,520** |
| **वित्तपोषण के स्रोत** | | |
| **1. आंतरिक ऋण** | **4,62,072** | **4,07,047** |
| (क) बाज़ार ऋण और अल्पकालिक उधार | 4,71,175 | 4,17,692 |
| (ख) ट्रेजरी बिल (14 दिवसीय) | (-)90,789 | (-)1,16,541 |
| (ग) मुआवज़ा और अन्य बॉन्ड | 3,305 | 2,594 |
| (घ) डब्ल्यूएमए | 0 | 0 |
| (ङ) नकद प्रबंधन बिल | 0 | 0 |
| (च) सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना 2015 | (-)4,094 | (-)3,752 |
| (छ) लघु बचतों के मुकाबले प्रतिभूतियाँ | 95,218 | 1,02,331 |
| (ज) सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड | 5,000 | 1,697 |
| (झ) विशेष प्रतिभूतियों के रूपांतरण में जारी विपणन योग्य प्रतिभूतियाँ | (-)16,688 | 0 |
| (ञ) अन्य | (-)1,055 | 3,026 |
| **2. परिक्रामी निधि सहित बाह्य सहायता** | 441 | 18,810 |
| **3. नकद आहरण में कमी (+)/ वृद्धि (-)** | 4,583 | 4,495 |
| **4. अधिशेष नकदी का निवेश (-)/ मोचन (+)** | (-)1,90,138 | (-)1,30,993 |
| **5. सार्वजनिक खाते पर उधार (-)/ अधिशेष (+)*** | 2,96,165 | 1,75,161 |

* इसमें सस्पेंस और प्रेषण शामिल हैं

स्रोत: महालेखा नियंत्रक

## 3. मध्य-वर्षीय बेंचमार्क के सापेक्ष मूल्यांकन (एफआरबीएम नियम, 2004 का नियम 7)

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के दौरान एफआरबीएम नियमों के तहत निर्धारित तीन मध्य-वर्षीय बेंचमार्क में से किसी में भी कोई विचलन नहीं हुआ है। नीचे दी गई तालिका-5, चालू वित्त वर्ष सहित पिछले 5 वर्षों की पहली छमाही की तस्वीर प्रस्तुत करती है।

**तालिका 5: मध्य-वर्षीय बेंचमार्क**

| मापदंड | एफआरबीएम नियमों के तहत निर्धारित मध्य-वर्षीय (पहली छमाही) बेंचमार्क | वित्त वर्ष का अप्रैल-सितंबर (पहली छमाही) (बजट अनुमान का प्रतिशत) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 |
| कुल गैर-ऋण प्राप्तियाँ | बजट अनुमान के 40 प्रतिशत से कम न हो | 55.6% | 52.7% | 52.2% | 51.0% | 49.5% |
| राजकोषीय घाटा | बजट अनुमान के 70 प्रतिशत से अधिक न हो | 35.0% | 37.3% | 39.3% | 29.4% | 36.5% |
| राजस्व घाटा | बजट अनुमान के 70 प्रतिशत से अधिक न हो | 27.7% | 31.4% | 26.6% | 12.8% | 5.2% |

## 4. निष्कर्ष

कोविड-19 महामारी के बाद के वर्षों में, राजकोषीय सुदृढ़ीकरण (विवेक और लचीलेपन पर ध्यान केंद्रित करते हुए) के सुगम मार्ग ने वांछित परिणाम दिए हैं। केंद्र सरकार अपनी विकास प्राथमिकताओं को राजकोषीय विवेक की अनिवार्यताओं के साथ संतुलित करना जारी रखेगी। व्यापक और समावेशी आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

*****